
अनुशासन

## स्कूल में बच्चों को कौन अनुशासित करता है?

- अध्यापक बच्चे को अनुशासित कर सकते हैं।
- अध्यापक, एक सलाहकार या प्रशासक को भी बच्चे को अनुशासित करने में शामिल कर सकता है।
- एक पुलिस अफसर (स्कूल सम्पर्क अधिकारी ) सिर्फ जानकारी और सहायता प्रदान कर सकता है परंतु वह स्वंय अनुशासित **नहीं** करता।



VSB

## “Discipline at Home and School”

[Hindi]

यह ब्रोशर वैनकूवर स्कूल बोर्ड के सैटलमेंट वर्कर्ज़ (VSB SWIS) द्वारा प्रायोजित किये गए कई ब्रोशरों में एक है। इसकी रचना कुछ ई.एस.एल. (ESL/ELL) शिक्षकों तथा वैनकूवर स्कूल बोर्ड के मल्टीकल्चरल लिएजों वर्कर्ज़ (VSB MCLW) ने की है।

Canada WelcomeBC

यह ब्रोशर कनाडा और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की सरकार से धन के माध्यम से संभव बनाया गया है।

# घर और स्कूल में अनुशासन



*साधारणत्या पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर*



## सजा और अनुशासन में क्या अंतर है?

- सजा बच्चों को डरा कर नियंत्रण में रखना है।

- बच्चों का आत्म नियंत्रण सीखना ही अनुशासन है। अनुशासन उन को यह सीखने में मदद् करता है कि उन के द्वारा किए गए हर काम का परिणाम होता है। वो जो भी फैसले लेते हैं, उन के बारे उन्हें ध्यानपूर्वक सोचने की जरुरत है।

- प्रभावशाली अनुशासन चाँटा मारना, पिटाई करना, या किसी चीज के साथ मारना या किसी तरह से शरीरिक कष्ट देना **नहीं** है।

## शरीरिक सजा के क्या विकल्प हो सकते हैं?

–थोड़े समय के लिए बच्चे से बात मत करें (अकेला छोड़ दें) जब तक कि सभी को शाँत होने का समय मिल जाए। फिर मसले पर बातचीत करने और समस्या का समाधान करने के लिए समय दें।

- दी गई सहूलतें वापिस ले लें । सुविधाओं में कटौती, जैसे कि बच्चे को उस की मनोरंजक खेलों के लिए मनाही करना।

### बच्चे के साथ दुर्व्यवहार क्या है?

–यदि आप बच्चे को अनुशासित कर रहे हैं और बच्चे को शरीरिक सजा दी है, मनीस्टरी आफ चिलडरन एंड फैमिली डिवैलपमैंट (MCFD) इस को **दुर्व्यवहार** मानती है ओर इस की छानबीन करेगी।

- सभी बालिग जिस में अध्यापक भी शामिल हैं, के लिए **कानूनी** तौर पर यह जरुरी है कि वह बच्चे के साथ हुए किसी भी तरह के दुर्व्यवहार की इतलाह MCFD को दें।

- MCFD का कर्त्तव्य है कि वह बच्चे के साथ हुए दुर्व्यवहार की दर्ज शिकायतों की छानबीन करे।

- यदि कोई बच्चा किसी परिवारिक घर में सुरक्षित न पाया जाए तो बच्चे को वहाँ से निकाल कर फोस्टर होम में रखा जा सकता है। और अधिक जानकारी के लिए इस वैबसाईट पर जाएं: www.mcf.gov.bc.ca/child_protection/

## स्कूल में अनुशासन क्या है?

-सभी स्कूलों के नियम होते हैं जो कि सभी ( छात्रों, अध्यापिकों, मिलने आने वालों) को मानने चाहिएं

- यदि आप को नियम नहीं मालुम तो आप बच्चे के सकूल से जानकारी प्रापत करें। यदि आप को नियम समझ नहीं आते तो आप किसी को कहें कि वो आप को और आप के बच्चे को नियम समझाएं।

-यदि बच्चा स्कूल के नियम तोड़ता है तो उस के परिणाम भी होंगे।

-यदि कोई बच्चा कोई गंभीर नियम तोड़ता है (लड़ाई, बूलिंग, स्कूल में कोई हथियार ले के आना) तो परिणाम और भी गंभीर हो सकते हैं।

- स्कूल के अनुशासन में बच्चे को चाँटा मारना या बच्चे की पिटाई करना कभी भी शामिल नहीं होता।

